C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
21.07.2017
श्रावण कृष्ण 13
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com
3 देखें.... कुर्सी सम्भालते ही ....
6 देखें मनोरंजन में ....
» वर्ष-1 » अंक-17 »

खास खबर

आग के बाद कनाडा में 36,000 लोग घर छोड़ने को मजबूर

मॉस्को, (आरएनएस)। ब्रिटिश कोलंबिया के कनाडाई पश्चिमीतम प्रांत में बड़े पैमाने पर जंगल में आग लगने के कारण अब तक कुल 36,000 लोगों को घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है। आग पर काबू पाने के लिए करीब 2,900 अग्निशामकों और 203 विमानों की मदद ली जा रही है। इस प्राकृतिक संकट से लड़ने के लिए अधिकारी पहले ही 80 मिलियन डॉलर खर्च कर चुक हैं। सीबीसी प्रसारणकर्ता ने रविवार को कनाडा के वन मंत्री जॉन रस्तेद का हवाला देते हुए कहा कि ऑपरेशन के दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पायलट घायल हो गया।

पाकिस्तान में सेलफोन से नहीं जोड़े जाएंगे फेसबुक अकाउंट

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक से पाकिस्तान को तगड़ा झटका लगा है। सरकार ने सभी फेसबुक अकाउंटों को यूजर के सेलफोन से जोड़ने का आग्रह किया था। इसपर फेसबुक ने साफ कर दिया कि ऐसा किया जाना संभव नहीं है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि पाकिस्तान ने फेसबुक अकाउंटों को यूजर के मोबाइल फोन नंबरों से जोड़ने का सुझाव दिया था। फेसबुक की ओर से कहा गया कि ऐसा करने की बजाए इन्हें ईमेल से जोड़ना ज्यादा सहज होगा। सरकार के इस आग्रह का मकसद उन फर्जी अकाउंटों से निपटने में मदद पाने का था जो ऑनलाइन नफरत फैलाते हैं। अधिकारी के अनुसार हालांकि फेसबुक ने सरकार के ईशनिंदा सामग्री पर रोक लगाने के आग्रह पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पिछले हफ्ते फेसबुक के उपाध्यक्ष जोएल कापलान ने गृहमंत्री चौधरी निसार अली खान से मुलाकात की थी और भड़काऊ व ईशनिंदा सामग्री को वेबसाइट से हटाने के मसले पर चर्चा की थी। पाकिस्तान में फेसबुक के 3.3 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं।

पाक द्वारा सीजफायर उलंघन से एक जवान शहीद, एक बच्ची की मौत

पुंछ, (आरएनएस)। पाकिस्तान की ओर से सोमवार को किए गए सीजफायर उलंघन में राजौरी सेक्टर में नायक मुदस्सर अहमद शहीद हो गए। वहीं कश्मीर के पुंछ स्थित बालाकोट में 5 वर्षीय मासूम साजिदा काफिल की मौत हो गई। आज सुबह पाकिस्तान ने फिर से सीमा नियंत्रण रेखा से सटे पुंछ के बालाकोट और राजौरी के मांजाकोट व भींबर गली सेक्टर में सीजफायर उल्लंघन किया है जिसका जवाब भारतीय सेना डटकर दे रही है। दूसरी ओर इस मुद्दे पर पाकिस्तान और भारत के बीच आज डीजीएमओ स्तर पर वार्ता की गयी। भारतीय सेना के डीजीएमओ ने इस बात पर जोर डाला कि सभी सीजफायर उल्लंघन की शुरुआत पाकिस्तान की ओर से होती है और इसका जवाब देना भारतीय सेना का सुरक्षित अधिकार है क्योंकि सीमा नियंत्रण रेखा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेवारी उनकी है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि भारत ने साल 2017 में अब तक 542 बार संघर्षविराम का उलंघन किया है, जिससे 18 लोग मारे गए। गत 12 जुलाई को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन के दौरान दो जवान शहीद हो गए थे और 9 जुलाई को पाकिस्तानी सेना ने एलओसी के निकट पुंछ सेक्टर में छोटे हथियारों, ऑटोमैटिक व मोर्टार दागे थे। वहीं 29 जून को दो जवान घायल हो गए थे जब पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में फायरिंग की थी। 26 जून को भींबर गली सेक्टर में छोटे हथियारों और मोर्टार से हमला किया था। बता दें कि मात्र जून माह में पाकिस्तान ने 23 सीजफायर का उल्लंघन किया है।

पाक अर्द्धसैनिक बल पर आत्मघाती हमला, दो जवानों की मौत

पेशावर, (आरएनएस)। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में अर्द्धसैनिक बल के जवानों को ले जा रहे एक वाहन पर आज एक आत्मघाती हमलावर ने हमला किया जिसमें एक मेजर सहित दो जवानों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोटकों से लदी मोटरसाइकिल पर सवार हमलावर ने फ्रंटियर कांस्टेबुलेरी (एफसी) के काफिले पर पेशावर के हयाताबाद क्षेत्र में ट्रैफिक सिग्नल के दौरान हमला किया। इस हमले में एक मेजर समेत दो जवानों की मौत हो गई। हयाताबाद के बाग-ए-नारन में हुए इस आत्मघाती विस्फोट में समीप से गुजर रहे राहगीरों समेत 10 लोग घायल हो गए। काफिले का हिस्सा रहे दो वाहन इस विस्फोट में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। विस्फोट के बाद सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। घायल हुए लोगों को हयाताबाद मेडिकल कॉम्प्लेक्स में भर्ती कराया गया है। इस हमले की किसी भी समूह ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तानी सेना द्वारा कबायली इलाके खैबर में इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के खात्मे के लिए अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद यह हमला हुआ है।

संपत्ति के लिए भाई-भाभी समेत 4 को जिंदा जलाया, आरोपी फरार

कटिहार, (आरएनएस)। बारसोई थानाक्षेत्र के मल्लाह टोली में भूमि विवाद को लेकर एक सगे भाई ने दूसरे भाई को परिवार समेत जिंदा जला दिया। इसमें दंपति समेत दो बच्चियों की आग में झुलसकर मौत हो गई। घटना आज अहले सुबह की है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया है। इस मामले में मृतक दंपति के पुत्र के बयान पर एफआइआर दर्ज की गई है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी छोटेलाल प्रसाद ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की और चारों शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक केदारनाथ के भाई मनोज कुमार को लॉटरी खेलने की आदत थी जिसकी वजह से काफी जमीन बिक चुकी थी। लॉटरी के पैसे के लिए उसका अपने पिता और भाई से विवाद हुआ था। जिसके बाद आज सुबह छोटे भाई ने बड़े भाई के कमरे के बाहर ताला जड़ दिया और खिड़की के रास्ते तेल उड़ेलकर आग लगा दी। उस कमरे में केदार अपनी पत्नी और दो बेटियों के सात सो रहे थे। कमरा बंद होने की वजह से शोर मचाने पर लोगों के जुटने तक सभी बुरी तरह झुलस चुके थे। केदार की पत्नी और एक बेटी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक बेटी और केदारनाथ की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।

सीमापार से जारी गोलीबारी के बीच भारत-पाक डीजीएमओ के बीच हुई वार्ता

पुंछ, (आरएनएस)। पाकिस्तान की ओर से सोमवार को किए गए सीजफायर उलंघन में राजौरी सेक्टर में नायक मुदस्सर अहमद शहीद हो गए। वहीं कश्मीर के पुंछ स्थित बालाकोट में 5 वर्षीय मासूम साजिदा काफिल की मौत हो गई। आज सुबह पाकिस्तान ने फिर से सीमा नियंत्रण रेखा से सटे पुंछ के बालाकोट और राजौरी के मांजाकोट व भींबर गली सेक्टर में सीजफायर उल्लंघन किया है जिसका जवाब भारतीय सेना डटकर दे रही है। इस बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच टेलीफोनिक वार्ता हुयी। वार्ता में भारत ने बताया कि हमेशा सीजफायर उल्लंघन की शुरुआत पाकिस्तान की ओर से हुई है। भारत ने हमेशा से पाकिस्तान के सीजफायर के उलंघन के जवाब में कार्रवाई की है। भारतीय डीजीएमओ ने कहा कि भारतीय सेना के पास अधिकार है कि वो शांति बनाए रखते हुए सीजफायर उलंघन का उचित जवाब दें। आज हुए इस उल्लंघन में जम्मू कश्मीर के राजौरी के मंजकोट सेक्टर में एक महिला के घायल होने की सूचना है। राजौरी के डीडीसी की ओर से कहा गया कि पाक की गोलाबारी में दो आम नागरिकों के गंभीर रुप से घायल हो गए है। गोलीबारी के मद्देनजर प्रशासन की ओर से स्कूलों को अनिश्चित समय के लिए बंद कर दिया गया है। कहा गया कि गोलीबारी रुकने पर यहां से लोगों को निकालने का कार्य शुरु किया जाएगा। इसके विपरीत पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि भारत ने साल 2017 में अब तक 542 बार संघर्षविराम का उलंघन किया है, जिससे 18 लोग मारे गए। गत 12 जुलाई को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन के दौरान दो जवान शहीद हो गए थे और 9 जुलाई को पाकिस्तानी सेना ने एलओसी के निकट पुंछ सेक्टर में छोटे हथियारों, ऑटोमैटिक व मोर्टार दागे थे। वहीं 29 जून को दो जवान घायल हो गए थे जब पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में फायरिंग की थी। 26 जून को भींबर गली सेक्टर में छोटे हथियारों और मोर्टार से हमला किया था। बता दें कि मात्र जून माह में पाकिस्तान ने 23 सीजफायर का उल्लंघन किया है।

चीन के जिलिन प्रांत में बाढ़ से 18 लोगों की मौत

बीजिंग, (आरएनएस)। चीन के उत्तरपूर्वी जिलिन प्रांत में बाढ़ के कारण कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि इतनी ही संख्या में लोग लापता हैं। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी। प्रांत के मध्य और पूर्वी हिस्सों में बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार को भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। शहर के बाढ़ नियंत्रण तथा सूखा राहत कार्यालय के मुताबिक जिलिन शहर में भारी बाढ़ आई हुई है और 1,10,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, शहर में 32,360 सदस्यों के तलाश एवं बचाव दल को तैनात किया गया है। यह दल मलबा हटाने, पुलों की मरम्मत करने, घरों में फोन एवं बिजली सेवा बहाल करने के काम में जुटा है।

रिमांड के दौरान अभियुक्त ने खुद का गला रेता

अंबाला, (आरएनएस)। तीन दिन के रिमांड पर चल रहे एनडीपीएस केस के अभियुक्त काजीवाड़ा निवासी गगनदीप ने रविवार सुबह धारदार वस्तु से स्वयं का गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आनन-फानन में उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जख्म गहरा व खून अधिक बहने के कारण डॉक्टरों ने उसे ईएनटी स्पेशलिस्ट की राय लेने के लिए चंडीगढ़ सेक्टर-32 नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार गत 13 जुलाई को एसआइ गुरदर्शन व भूपेंद्र सिंह की टीम ने शहर की ऑफिसर कालोनी से गगनदीप समेत तीन युवकों को 25 ग्राम स्मैक सहित पकड़ा था। बलदेवनगर थाने में दर्ज केस में सभी को अगले दिन कोर्ट में पेश किया गया और केवल गगनदीप का रिमांड मांगा गया था। प्रारंभिक जांच में उसने कबूल किया था कि यह नशा उसने लखनऊ से खरीदा था और वह मेन सप्लायर को पकड़वा सकता है। सोमवार को गगनदीप को फिर से अदालत में पेश किया जाना है। रिमांड के पहले दिन शनिवार को पथरी के कारण उसके पेट में दर्द हुआ तो मुलाजिमों ने सरकारी अस्पताल में उसका इलाज करवाया था। इंजेक्शन लगने के बाद वह स्वयं को ठीक महसूस कर रहा था। सीआइए इंस्पेक्टर कंवलजीत ड्क्षसह के मुताबिक गगनदीप ने पूछताछ में बताया कि यह स्मैक वह मोहित नामक युवक से खरीदा था। पुलिस मोहित को पूछताछ के लिए रविवार को सीआइए-वन कार्यालय ले आई। दोनों को आमने-सामने बिठाया गया। इस दौरान गगन अपने आरोपों पर अड़ा था, जबकि मोहित इन्कार करता रहा। इस पर गगनदीप को फिर से हवालात में बंद कर दिया गया। इसके बाद उसने पेट में दर्द की शिकायत की। इस पर उसे हवालात से बाहर निकाला गया था। इसी बीच बाथरूम जाते समय उसने निर्माणाधीन स्थान से धारदार वस्तु उठाकर अपने गले पर मार ली। उधर, गगनदीप के पिता विनोद कुमार के अनुसार 13 जुलाई को पुलिस उसके बेटे को नशा बेचने के आरोप में उठाकर ले गई थी। रविवार को उन्हें फोन पर बताया गया कि गगनदीप ने स्वयं को चोट पहुंचाई है। डॉक्टर मीनाक्षी यादव के अनुसार जांच में भी चोट सेल्फमेड पाई गई। एसपी अभिषेक जोरवाल के अनुसार रिमांड के दौरान एनडीपीएस केस के अभियुक्त गगनदीप ने स्वयं को चोट पहुंचाई है। प्रारंभिक जांच में मुलाजिमों की गलती नहीं पाई गई है। हालांकि जांच की जा रही है।

विषैले पानी की सफाई करने के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

गाजियाबाद, (आरएनएस)। जनपद के बार्डर थाना क्षेत्र की आर्यनगर औद्योगिक क्षेत्र में जीन्स रंगाई की फैक्टरी का टैंक साफ करने के दौरान दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक मजदूरों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल मजदूर को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है वहां हालत स्थिर बताई जा रही है।

आतंकी हमलों के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया की सेना को मिलेंगे और अधिकार

सिडनी, (आरएनएस)। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया की समीक्षा के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल ने आज कहा कि देश की सेना को आतंकवादी हमलों के समय कार्रवाई करने के लिए और अधिकार दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कई तरह के बदलाव के तहत आतंकवादी हमले के दौरान पुलिस को अब सेना बुलाने के लिए अपनी क्षमता समाप्त होने तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वहां विशेष बल का कानून प्रवर्तन एजेंसियों में बेहतरीन तालमेल के लिए शामिल किया जाएगा। बदलाव वाले कदम के तहत रक्षा अधिकारी पुलिस बल को विशेष प्रशिक्षण मुहैया कराएंगे। संवाददाताओं से सिडनी में टर्नबुल ने कहा, हमारे दुश्मन चुस्त और नवाचारी हैं इसलिए हमें उनसे आगे निकलना होगा। हाल ही में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन में, तीन जून को लंदन में ब्रिज और बोरो मार्केट में उन जगहों का निरीक्षण किया था जहां आतंकी हमले हुए थे।

दो नाबालिग भाइयों ने बच्चे को नदी में फेंका

मधुबनी, (आरएनएस)। शहर के लहेरियागंज मुहगे के बुबना उद्यान स्थित एक पुलिया पर से देखते ही देखते दो नाबालिग भाइयों ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले संतोष कुमार चौधरी के 11 वर्षीय पुत्र रघुराज आनंद को पानी में धकेल दिया और डूबने से रघुराज की मौत हो गई। रविवार की संध्या की इस घटना के करीब साढ़े बारह घंटे के बाद सोमवार की सुबह रघुराज का शव घटनास्थल से थोड़ी दूर नदी से बरामद किया गया है। सीसीटीवी कैमरे की जद मे आ चुके इस घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि रविवार संध्या रघुराज अपने घर के सामने पुलिया पर पहुंचा कि इसी बीच पुलिया पर पहुंचे स्थानीय भूषण साह के दो नाबालिग पुत्रों के साथ रघुराज की कुछ बातचीत होने लगी। उसी क्रम में दोनों भाइयों ने मिलकर रघुराज को पुलिया से नीचे पानी में धकेल दिया और फरार हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब पुलिया के निकट के निवासी पिंटू कारक ने अपने आवासीय परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में घटना की जानकारी मिलने के साथ स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंचे नगर थाना पुलिस व गोताखोर की मदद से शव बरामद किया गया। पोस्टमार्टम के लिए शव को पहले नगर थाना लाया गया। घटना को अंजाम देने वाले दोनों भाई फरार बताए जाते हैं। तत्काल दोनों फरार नाबालिग भाइयों के दादा शिवजी साह को से पुलिस पूछताछ कर रही है।

अमरनाथ बस हादसाः घायलों के लिए देवदूत बनी सेना

ऊधमपुर, (आरएनएस)। नाचिलाना में हादसे के फौरन बाद सबसे पहले मदद के लिए सेना ही पहुंची और बिना समय गंवाए दुर्गम खाई में उतर कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिस जगह हादसा हुआ वहां से थोड़ी दूरी पर ही राष्ट्रीय राइफल (आरआर) की यूनिट तैनात थी। आरआर के जवान व अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्हें खाई में दर्द से छटपटाते और मदद के लिए मार्मिक चीखें सुनाई दीं। जवानों ने तुरंत रस्सियों के सहारे दुर्गम खाई में उतर कर बचाव कार्य शुरू कर दिया। कई यात्री बस से बाहर घायल पड़े थे तो कई बस में फंसे थे। इसी बीच वहां से गुजर रहे सेना के काफिले में शामिल जवान भी राहत कार्य में जुट गए। इतने में पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ के सदस्य व स्थानीय लोग भी मौके पर आकर राहत कार्य में जुट गए। खाई से बाहर आने का रास्ता न होने की वजह से रस्सियों के सहारे ही घायलों को बाहर निकाला गया। सेना द्वारा फौरन मदद से कई गंभीर रूप से घायलों को समय पर उपचार मिलने पर उनकी जान बचाई जा सकी। देवदूत बनी सेना के चर्चे हर ओर हैं। स्थानीय लोगों व अन्य सुरक्षाबलों ने भी जिस तेजी से मदद की, उसकी सभी सराहना कर रहे हैं।

गोपालकृष्ण गांधी पर शिवसेना ने साधा निशाना

नई दिल्ली, (आरएनएस)। देश के 14वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। पीएम मोदी ने भी मतदान केंद्र में जाकर अपना वोट डाला। इस बीच शिवसेना सांसद संजय राउत ने काग्रेस के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा मेडम सोनिया जी आपने गोपालकृष्ण गांधी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है, याकूब मेमन को फांसी से बचाने के लिए गांधी ने अपनी सारी ताकत लगा दी थी। गौरतलब है कि मुंबई धमाके के आरोपी याकूब मेमन को फांसी की सजा सुनाई गई थी, जिसके खिलाफ बहुत सी आवाजें उठी थी। उनमें से एक आवाज गोपालकृष्ण गांधी की थी। उन्होंने राष्ट्रपति को खत लिखकर यह गुजारिश की थी कि याकूब की फांसी की सजा रद्द की जाए। याकूब ने अपनी फांसी को रद्द करवाने के लिए लंम्बी जिरह की थी। बता दें कि नए राष्ट्रपति के चुनाव में एनडीए उम्मीदवार रामनाथ कोविंद और विपक्षी उम्मीदवार मीरा कुमार के बीच सीधा मुकाबला है इसके लिए कुल 32 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जा रहे हैं। संसद तथा विधानसभाओं में मतदान सुबह 10 से 5 बजे तक होगा। वहीं राज्य विधानसभाओं में वहां के निर्वाचित सदस्य वोट डालेंगे।

बोलेरो का टायर फटाने से दो की मौत, 5 गंभीर

राजुला/विक्टर, (आरएनएस)। अमरेली-महुआ तहसील के छापरी गांव से खांभा के आश्रम में सेवा करने गए लोग जब बोलेरो से लौट रहे थे, तभी राजुला विक्टर के पास टायर फट गया, जिससे वाहन पलट गया, इससे दो महिलाओं की मौत हो गई और 5 की हालत गंभीर है। इन्हें भावनगर की अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महुआ तहसील के छापरी गांव की बोलेरो जी जे 04, डब्ल्यू 9410 में उसी गांव के कई लोग खांभा के डेडाण गांव के एक आश्रम में सेवा के लिए गए थे। आज सुबह करीब 10 बजे सभी बोलेरो से वापस आ रहे थे। तभी विक्टर पीपावाव के बीच बोलेरो का टायर फट गया। जिससे वह पलट गया। इससे दो महिलाओं की मौत हो गई। मरने वाली दो महिलाओं के नाम लीलीबेन (37) और रेणुबेन (60) है। दोनों कोली समाज की हैं। घायलों में भी अधिकांश महिलाएं ही हैं। टायर फटते ही बोलेरो ने दो गुलाटी खाई। थोड़ी ही देर में वहां कई महिलाएं बुरी तरह से घायल अवस्था में दिखाई दी। राजुला और आसपास के क्षेत्रों से 6 एम्बुलेंस ने वहां पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

चीन की सेना ने तिब्बत में गोली चलाने का अभ्यास किया

बीजिंग, (आरएनएस)। चीन की सेना ने तिब्बत में गोली चलाने का अभ्यास किया। सिक्किम सेक्टर के डोकालाम क्षेत्र में भारतीय और चीनी सेना के बीच जारी गतिरोध की पृष्ठभूमि में यह अभ्यास हुआ है। सैन्य अभ्यास के समय की जानकारी दिये बगैर शुक्रवार को चीन के सरकारी टेलीविजन सीसीटीवी ने अपनी खबर में कहा कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने दक्षिण-पश्चिम चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में गोली चलाने का अभ्यास किया।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400